हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 23 सितंबर 2025

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

07 मां दुर्गा की आराधना शुरू, दर्जनों पंडालों में विराजीं ...



08 सड़क किनारे फुटपाथ पर सब्जी फलों के ठेले...



## खबर संक्षेप

### साकेत के 15 विद्यार्थी का चयन तीरंदाजी में हुआ



**विदिशा।** साकेत विद्यालय के 15 छात्र-छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 22 से 26 सितम्बर तक शाजापुर जिले के शुजालपुर में आयोजित होगी। जिसमें पूरे मध्यप्रदेश के 10 संभागों की टीमें शामिल रहेंगी। इसी कड़ी में भोपाल संभाग से चुने गए 72 खिलाड़ियों में से 15 खिलाड़ी विदिशा जिले के साकेत एमजीएम स्कूल व साकेत शिशु रंजन विद्यालय से हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में भी प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### कैंप लागकर निपटाए जाएंगे पेंशन प्रकरण

**विदिशा।** सेवानिवृत्त एवं दिवंगत शासकीय सेवकों के लंबित पेंशन प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए 24 एवं 25 सितम्बर को जिला पेंशन कार्यालय, न्यू कम्पोजिट कलेक्ट्रेट कैंपस विदिशा में विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला पेंशन अधिकारी रूपेन्द्र सिंह मरावी ने बताया कि इस कैंप में माह अगस्त तक विभागों से अप्राप्त एवं लंबित पेंशन प्रकरणों के साथ-साथ न्यायालयीन एवं विभागीय जांच संबंधी प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। संबंधित विभागों के पेंशन शाखा प्रभारी को कैंप में उपस्थित होकर निराकरण में सहयोग के निर्देश दिए गए हैं।

### बाल्यावस्था शिक्षा एवं अभिभावक सत्र लगा

**विदिशा।** पोषण माह अंतर्गत प्रारंभिक बाल्यावस्था में शालापूर्व शिक्षा की गतिविधि का आयोजन किया गया। बच्चों द्वारा कविता कहानी सुनाई गईं साथ ही पोषण का महत्व, व्यंजन प्रदर्शनी लगाई गई। बच्चों के शारीरिक,मानसिक विकास में संतुलित आहार का महत्व गर्भवती, धात्री माताओं को बताया गया। पोषण माह कार्यक्रम में संगीता सूर्यवंशी पर्यवेक्षक सेक्टर हांसुआ, परियोजना विदिशा ग्रामीण आंगनबाड़ी कार्यकर्ता साधना दांगी, बबिता रजक, अलका विश्वकर्मा, चित्रा कुशवाह, नीलम अहिरवार, किरण अहिरवार, रानी रजक, रेशमा शाह, अभिभावक उपस्थित रहे।

### नेत्रदान किया

**विदिशा।** अरिहंत बिहार निवासी 66 वर्षीय प्रद्युम्न जैन का निधन होने के बाद उनके परिवार जनों द्वारा नेत्रदान कराया गया। इस नेत्रदान प्रेरणा नीता सराफ, समाजसेवी चिपिन सराफ निलेश जैन ने दी थी। नीता सराफ ने इस पुण्य कार्य के लिए डॉ. निखिला, मेडिकल कॉलेज की टीम का भी आभार माना।



### झांकी पंडाल में दिया बेटी बचाओ का संदेश



**कागपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना विदिशा ग्रामीण अंतर्गत सेक्टर देवखजूरी के ग्राम कागपुर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने दुर्गा पंडाल में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत ग्रामवासियों को बालिका जन्म को प्रोत्साहन देने एवं बालिका जन्म को उत्सव के रूप में आयोजित करने की शपथ दिलाई। इस दौरान ग्रामीणजन अरविंद खटीक, नीलेश परिहार, कमल सिंह, संतोष जाटव उपस्थित रहे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आरती दिलेरिया, बिस्मिल्ला बी,पप्पी जाटव के द्वारा शपथ का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### आसपास से फेंके पत्थर, भीड़ जमा हुई तो पुलिस ने पहुंचकर संभाला मोर्चा

# झांकी पर पथराव, माता काली की प्रतिमा क्षतिग्रस्त, दो युवक घायल

- घायल युवाओं की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू की।

**छत पर खड़े होकर पतंग को पत्थर मार रहे थे छोटे बच्चे, मामला थाने पहुंचा तो पुलिसे ने दोनों पक्षों में सुलह कराई, परिजनों ने मांगी माफी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

नवरात्रि के पहले दिन जयस्तंभ चौक बजरिया इलाके में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। नंदवाना समिति की झांकी पर अचानक पत्थर फेंके जाने से मां काली की प्रतिमा क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना में दो युवकों को हल्की चोटें आईं। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। प्रशासनिक अधिकारियों ने भीड़ को शांति बनाए रखने की अपील की। प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि पथराव आसपास के घरों से किया गया। हालांकि सीएसपी अतुल सिंह के अनुसार यह बच्चों के बीच हुए विवाद का मामला है। उन्होंने बताया कि विवाद को बैठकर सुलझा लिया गया है। घायल युवकों ने थाने में पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। तथ्य सामने आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



विदिशा। प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने के बाद मौके पर भारी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई और हंगामे कि स्थिति बनी।



विदिशा। घटना के बाद मौके पर पुलिस अधिकारी सहित जवान तैनात किए।

> कोतवाली टीआई आनंद राज का कहना है कि बच्चे पतंग में पत्थर मार रहे थे। नीचे से झांकी निकल रही थी। पत्थरबाजी जैसे घटना नहीं हुई है दोनों पक्षों में सुलह करा दी गई है।

### महिला की शिकायत पर सरपंच पर ज्यादती का मामला दर्ज हुआ

**विदिशा।** बंटी नगर निवासी एक महिल ने सिविल लाइन थाने में दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने हैदरगढ़ के धामनोद निवासी सरपंच कुबेर सिंह लोधी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। महिला ने अपने बयान में कहा है कि कुबेर सिंह लोधी ने उसके बेटे को इंदौर में काम पर लगाया था इसी बहाने वह घर आने जाने लगा और कई बार जबरदस्ती उसके साथ गलत काम किया। विरोध करने पर उसने बेटे को जान से मारने की धमकी दी। महिला ने पुलिस को बताया कि कुबेर सिंह के कारण उसने घर भी बदल लिया था। लेकिन वह घर पता कर वहां भी आ गया और धमकी देकर दुष्कर्म करता रहा। महिला मोहनगिरी में किराए से रहने लगी तो वह वहां भी पहुंच गया और रक्षा बंधन के दो दिन पहले भी गलत काम किया।

### ई-केवाईसी सुविधा अब मेरा ईकेवाईसी एप से भी

**विदिशा।** एनएफएसए अंतर्गत पात्र हितग्राहियों की मेरा ईकेवायसी एप से ईकेवायसी एनएफएसए अंतर्गत पात्र हितग्राहियों की ईकेवायसी राशन दुकान पर स्थित पीओएस मशीन के अलावा मेरा ई-केवायसी एप से भी किये जाने की सुविधा राज्य सरकार द्वारा प्रदाय की गई है। यह सुविधा केवल मप्र के पात्र हितग्राहियों के लिये उपलब्ध है। पात्र हितग्राही इस ऐप के माध्यम से घर बैठे स्वयं का ईकेवायसी दर्ज कर सकते हैं। इस हेतु किसी भी एंड्रायड फोन से गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से षमेरा ई केवायसी एपष निशुल्क डाउनलोड किया जाना है, साथ ही फेस आईडी को भी अनिवार्यतः लिंक **https:// play. google. com/ store/ apps/details?id=in.gov.uidai.f acerd** से डाउनलोड किया जाना है।

# हार्डवेयर दुकान से 41 हजार नकद व सामान ले उड़े चोर

**कैमरे में कैद होने से बचने सीसीटीवी तोड़ा**



> रविवार रात हुई चोरी की वारदात। चोरों ने दुकान के दो ताले तोड़कर घटना को दिया अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

पीतलमील चौराहे से सागर रोड पर स्थित जनता हार्डवेयर दुकान में रविवार रात चोरी हो गई। चोरों ने रात में दुकान के दो ताले तोड़कर दराज में रखे 41 हजार रुपए नकद और अन्य सामान चुरा लिया। चोरों ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी तोड़ दिया। चोर कैमरे और टूटे ताले को दुकान के बगल की गली में फेंक गए।

सुबह मोहल्ले के लोगों ने दुकान का शटर खुला देखकर मालिक को सूचना दी। दुकान मालिक ने बताया कि उनका होलसेल का कारोबार है। कई बेल्डिंग कार्य करने वाले व्यापारी उनसे सामान खरीदते हैं। दुकान में सीसीटीवी कैमरा लगा था। लेकिन शॉर्ट सर्किट की आशंका से रात को मेन स्विच बंद कर दिया था। इस कारण कैमरे में कोई रिकॉर्डिंग नहीं हुई। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और चोरों को पकड़ने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

**फुटेज खंगाल रहे**

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। डॉग स्क्वॉड और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट की टीम ने सबूत जुटाए। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। मोहल्ले के लोगों में इस घटना को लेकर नाराजगी है। उनका कहना है कि शहर में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। मुख्य मार्ग पर हुई इस वारदात ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# लुटेरी दुल्हन मामला: फरार चल रही मुख्य आरोपी उड़ीसा से गिरफ्तार

### फर्जी नाम से शादी कर हड़प ली थी राशि




लटेरी। टेक्निकल साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने महिला को किया गिरफ्तार।

**लटेरी।** आनंदपुर पुलिस ने लुटेरी दुल्हन मामले में बड़ी सफलता हासिल की। फरियादी से 1 लाख 19 हजार रुपए ठगकर फरार चल रही मुख्य आरोपिया पूजा शर्मा उर्फ पूजा दास उर्फ कादम्मनी दास (असल नाम – दुर्गीमनी मरांडी) को पुलिस टीम ने भुवनेश्वर (उड़ीसा) से गिरफ्तार किया है। 17 जुलाई 2025 को दर्ज प्रकरण में फरियादी को फर्जी नाम से शादी कर धोखाधड़ी कर राशि हड़प ली गई थी। इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। फरार मुख्य आरोपिया को गठित टीम कर टेक्निकल साक्ष्यों के आधार पर 19 सितंबर को भुवनेश्वर से गिरफ्तार किया गया है।

## कलेक्टर ने कर्मयोगी पोर्टल पर अव्वल जिला अधिकारियों को सम्मानित किया



**विदिशा।** कर्मयोगी पोर्टल पर सर्वाधिक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले जिला अधिकारियों को कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा सम्मानित किया गया। संयुक्त कलेक्टर अनुभा जैन, जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय, जेडीईओ गगन वर्मा तथा जीडीईओ वीरसिंह रघुवंशी को सम्मानित किया गया है। कलेक्टर श्री गुप्ता ने सभी अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि जिले के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्रोत है और उन्हें भी निरंतर प्रशिक्षण से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

# आरटीओ ने वाहन चेकिंग में पकड़े नियम विरुद्ध चल रहे 18 वाहन, 11 जब्त किए

**7 वाहनों के चालान बनाकर 51 हजार रुपए का जुर्माना किया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

जिला परिवहन अधिकारी गिरजेश वर्मा द्वारा सागर रोड तथा आरटीओ ऑफिस के सामने रोड पर वाहनों की चेकिंग कार्रवाई की गई।

इस दौरान 18 वाहन नियम विरुद्ध चलते पाए जाने पर उनके विरुद्ध चालानी कार्रवाई की जाकर 7 वाहनों पर जुर्माना कर 51 हजार रुपए वसूल किए गए। 11 वाहनों को जब्त कर जिला परिवहन कार्यालय परिसर में खड़ा कराया गया है। उक्त कार्रवाई के दौरान यात्री वाहनों, भारी वाहनों, स्कूल बसों तथा स्कूल के बच्चों का परिवहन करने वाले ऑटो रिक्शा की जांच की गई।



# सरकारी अस्पताल में 2 दिन में एक बार हो रहा ब्लड सेंपल कलेक्शन, मरीज हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶शमशाबाद

शासन ने मरीजों को निःशुल्क जांच सुविधा देने के लिए सरकारी अस्पतालों में सैम्पल कलेक्शन व्यवस्था शुरू किए हैं, जिसका ठेका निजी कंपनियों को दिया गया है।

लेकिन शमशाबाद शासकीय अस्पताल में यह व्यवस्था अव्यवस्थित हो चुकी है। शमशाबाद अस्पताल सहित आसपास के अस्पतालों से ब्लड सेंपल लेने नटेरन से 2 दिन छोड़कर कर्मचारी आता है।

नटेरन क्षेत्र का ठेका हव एंड स्कोप कंपनी को है। बदलते मौसम में वायरल फीवर, सर्दी-जुकाम और प्लेटलेट्स की कमी जैसे मामलों में जांच बेहद जरूरी है, लेकिन अव्यवस्थित व्यवस्था से मरीज मजबूरी में प्राइवेट लैब का रुख कर रहे हैं।

**2 माह पहले कर चुके सूचित**

अस्पताल प्रभारी डॉ. रामबाबू मीणा ने बताया कि 2 माह पहले कंपनी को लिखित में सूचित कर चुके हैं कि रोजाना ब्लड सेंपल लेना जरूरी होता है और यहां वर्कलोड अधिक है, इसके बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है।

**सैकड़ो मरीज आते हैं**

आसपास गांव के अस्पताल में रोजाना 150 से अधिक मरीज इलाज के लिए आते हैं, जिनमें से 70–80 मरीजों के ब्लड टेस्ट जरूरी होते हैं। इसके बावजूद नटेरन स्वास्थ्य केंद्र से सैम्पल लेने वाला कर्मचारी हर दिन नहीं आता, बल्कि दो दिन छोड़कर आता है। इससे मरीजों की जांच समय पर नहीं हो पाती और इलाज बाधित हो रहा है। स्थानीय अस्पताल में कार्ड से 11 जांच होती हैं वह कर दी जाती है बाकी जांचों के लिए मरीज का ब्लड सेंपल लेकर रख लेते हैं।

# ब्राह्मण समाज ने कहा: राजनीतिक षडयंत्र और द्वेषभावना से कार्रवाई न कर निष्पक्ष जांच की जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

विदिशा नगरपालिका में चल रही विवादित स्थिति और विकास कार्य अवरुद्ध होने के संबंध में ब्राह्मण समाज ने मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव को कलेक्टर अंशुल गुप्ता के माध्यम से ज्ञापन भेजा है।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता को दिए गए इस ज्ञापन में कहा गया है विदिशा नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा के खिलाफ राजनैतिक षडयंत्र के तहत साजिश रची जा रही है। अध्यक्ष के विरुद्ध कार्रवाई को विधि सम्मत एवं निष्पक्ष जांच कराकर जो लोग इस प्रकार की प्रक्रिया में शामिल हैं उन सभी की जांच कराकर वास्तविकता को जनहित में जनता के समक्ष लाया जाए।

**गुटबाजी के कारण शहर में गांव जैसी स्थिति**

ज्ञापन में कहा गया है कि 10 साल में विदिशा शहर की जो दुर्दशा राजनैतिक गुटबाजी के कारण हुई है उससे आम जनता की सुविधाओं में अभाव हुआ है। शहर का विकास अवरुद्ध हो गया है। ऐसी स्थिति में आम नागरिक बहुत परेशान हैं। किसी भी प्रकार का विकास कार्य शहर में नहीं हो पा रहा। जबकि इस शहर का नेतृत्व राष्ट्रीय स्तर के नेताओं के हाथों में रहा है। पर दुर्भाग्य है कि शहर का नाम राजनीतिक पटल पर तो जाना जाता है परंतु विकास के नाम पर शहर गांव से भी बदतर हालत में है। सड़क, सीवेज लाइन, पानी, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट आदि विकास कार्य नाममात्र भी नहीं हुए हैं।

> ज्ञापन क माध्यम से ब्राह्मण समाज ने सीएम मोहन यादव, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और नगरीय एवं स्थानीय प्रशासन से अपील की है कि तथ्यों एवं कमियों को दूर करने वर्तमान नपाध्यक्ष को कार्य करने का मौका दिया जाए। प्रशासकीय, वित्तीय एवं जनहित में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है तो जांच कराकर कार्रवाई की जाए। राजनैतिक षडयंत्र या द्वेषभावना से कार्रवाई न कर निष्पक्ष जांच हो।

### नवरात्रि को लेकर बैठक के बाद मीट व्यापारियों ने खुद घोषणा की

# मीट व्यापारी नवरात्रि में दुकानें बंद रखेंगे

> हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए मुस्लिम पक्ष ने लिया यह निर्णय।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

नवरात्रि के दौरान धार्मिक सौहार्द की अनूठी मिसाल सामने आई है। मीट मार्केट के व्यापारियों ने हिंदू धर्म की भावनाओं का सम्मान करते हुए नौ दिनों तक अपनी दुकानें बंद रखने का निर्णय लिया है। शहर के नागरिकों की मांग पर विधायक मुकेश टंडन ने मीट व्यापारियों के साथ बैठक की। व्यापारियों ने बैठक के बाद स्वेच्छा से दुकानें बंद रखने की घोषणा की।

विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि विदिशा में सभी धर्मों के लोग एक-दूसरे के त्योहारों में भाग लेते हैं। वे एक-दूसरे की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हैं। मीट व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद रखकर भाईचारे का संदेश दिया है।



विदिशा। विधायक के साथ बैठक करने के बाद व्यापारियों ने की घोषणा।

व्यापारियों ने बताया कि यह उनका सामूहिक निर्णय है। उन्होंने विधायक के आग्रह और हिंदू समुदाय की भावनाओं का सम्मान करते हुए यह फैसला लिया है। शहरवासियों ने इस निर्णय का स्वागत किया है और इसे सांप्रदायिक एकता की मिसाल बताया है। जिससे हिंदुओं के भावनाएं आहत न हों।

> नवरात्र पर प्रतिवर्ष अपनी दुकानें बंद रखते हैं मटन चिकिन बचने वाले व्यापारी।

# प्रशिक्षण देकर उद्यानिकी खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण सह भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

उद्यानिकी के क्षेत्र में उन्नत तकनीकी, वैज्ञानिकों द्वारा मार्गदर्शन, परिचर्चा एवं उन्नतशील किसानों के भ्रमण व उद्यानिकी खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। इस कार्यक्रम को रजनी बृजेश सिंह लोधी अध्यक्ष जनपद पंचायत ग्यारसपुर, सुखवेंद्र सिंह दांगी कृषि सभापति ग्यारसपुर सरपंच राम दयाल अहिरवार अटारी खेजड़ा द्वारा प्रशिक्षण भ्रमण कार्यक्रम की शुरुआत हरि झंडी दिखाकर की गई।



कृषि महाविद्यालय बासौदा के डीन विनोद कुमार गर्ग द्वारा उद्यानिकी फसलों की खेती, नई तकनीकी से खेती करने के तरीके व कम क्षेत्र में अधिक उत्पादन कर लाभ प्राप्त करने की जानकारी दी व भ्रमण कराया गया। किसान जसवंत सिंह रघुवंशी ग्राम सियारी के प्रक्षेत्र पर मिर्च व टमाटर की खेती का भ्रमण कराकर अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने की जानकारी दी।


CREATORS
INDIA PVT.LTD.
सपनों को हकीकत में बदलते हैं हम ......
नवरात्रि एवं विजयादशमी
की हार्दिक शुभकामनाएँ
सपना होगा साकार, एक नए आधुनिक शहर का,
सभी शासकीय अनुमतियाँ प्राप्त ग्रीन पार्क फेस-3 में
TOWN & COUNTRY PLANNING
T&CP
APPROVED
विदिशा जिले का एकमात्र इन्डोर स्टेडियम
बच्चों के खेलने के लिये गार्डन
जॉगिंग ट्रैक
फाउन्टेन पार्क
रिंग पार्क
पार्टी लोन
खूबसूरत एलीवेशन एवं व्यवस्थित लेआउट प्लान के साथ सिंगलेक्स बंगलो की खूबसूरत श्रृंखला
नवरात्रि ऑफर
14.99 लाख
कीमत का
सिंगलेक्स मात्र
12 .49 लाख में
2.5 लाख का सीधा फायदा
अधिक जानकारी के लिये हमसे संपर्क करें
कार्यालय/साईट पता : रेल्वे स्टेशन से मात्र 5 मिनट की दूरी पर, त्यौंदा रोड से स्टेशन बायपास रोड, गंज बासौदा।
www.arcreators.in
arcreatorsipl@gmail.com
9340-444-183, 7747-877-677
5 मिनिट की पैदल दूरी पर
CM RISE
सी एम राईज स्कूल
रेलवे स्टेशन
बी ऐड कालेज
CREATORS
INDIA PVT.LTD.
सपनों को हकीकत में बदलते हैं...
सपना होगा साकार, एक नए आधुनिक शहर का,
नगर की सुव्यवस्थित कॉलोनी ग्रीन पार्क गुलाबगंज में
Green Park
a blend of nature & luxury
TOWN & COUNTRY PLANNING
T&CP APPROVED
AR CREATORS
ओवर हेड टैंक द्वारा जल प्रदाय
कॉलोनी का मुख्य एवं आकर्षक 2 प्रवेश द्वार
बच्चों के खेलने के लिये गार्डन
बासकेट बॉल कोट
बच्चों के खेलने के लिये गार्डन
अधिक जानकारी के लिये हमसे संपर्क करें
कार्यालय/साईट पता : ग्रीन पार्क कॉलोनी, विदिशा बासौदा रोड, नई तहसील के सामने, गुलाब गंज।
www.arcreators.in
arcreatorsipl@gmail.com
88787 77277, 9424463150

## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट कार्य पर एसपी ने किया सम्मानित



**गंजबासौदा।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने डायल 112 टीम के सराहनीय कार्य पर संबंधित स्टॉफ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया है। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि डायल-112 स्टाफ को प्रत्येक कॉल पर तत्काल और विधिसम्मत सहायता देने हेतु प्रेरित करें तथा उनके उत्कृष्ट कार्यों का यथासंभव प्रचार-प्रसार करें। दिनांक 18 सितम्बर की रात्रि को गंजबासौदा थाना क्षेत्र के देवीपुर गाँव में एक 25 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों से जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम से सूचना मिलते ही डायल 112 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल 112 स्टॉफ सैनिक इन्द्रराज सिंह, पायलट बृजेश चौधरी एवं आरक्षक शिवम अग्निहोत्री पुलिस कंट्रोल रूम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवक को शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय पहुँचाया, जहाँ उसका उपचार जारी है। उनकी इस त्वरित एवं मानवीय कार्रवाई ने युवक की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई।


### लड़की बनकर लड़का कर रहा था चैटिंग

**गंजबासौदा।** सोमवार को नगर में एक अजीब मामला सामने आया है। एक लड़का एक लड़के से फेक आईडी से लड़की बनकर पिछले 6 महीने से चैटिंग और कॉल पर बात कर रहा था। जब लड़के ने लड़की को मिलने बुलाया और वह जिसे लड़की समझ कर 6 महीने से बात कर रहा था वह लड़की नहीं एक लड़का निकला। इस बीच उसने कई बार मोबाइल रिचार्ज कराया एवं फोन पे पेमेंट ट्रांसफर किए। यह मामला थाने भी पहुंचा, लेकिन बाद समझाइश पर शांत हो गया।

# तीन बार रुप बदलती हैं महामाया माता

सौरभ द्विवेदी ▶▶ उदयपुर

मंदिरों की नगरी कहे जाने वाले उदयपुर में बना माता महामाया देवी का मंदिर आज भी आस्था और श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है। चैत्र एवं शारदीय नवरात्रि में यहां भक्तों का तांता लगा रहता है। माता महामाया तीन प्रहर के तीन रूपों में आज भी भक्तों को दर्शन देती हैं। मंदिर पुजारी हरिओम नाथ ने बताया कि महामाया त्रिपुरा सुंदरी की प्रतिमा विक्रम संवत 1067 चैत्र महीने की द्वादशी को नीम के वृक्ष की जड़ से प्रकट हुई थी। महामाया की प्रतिमा के साथ मां दुर्गा के नौ स्वरूप भी प्रकट हुए थे। महामाया की प्रतिमा में मां दुर्गा के नौ स्वरूप चरणों के आसपास स्थित है। स्थानीय कथाओं के अनुसार एक हिंदू राजा माता महामाया की मूर्ति हिंगलाज धाम से अपने राज्य ले जा रहा था। जब उसने रात में उदयपुर के पास पड़ाव डाला, तो माता ने उसे सपने में दर्शन दिए और मूर्ति की स्थापना उदयपुर में करने का आदेश दिया। राजा ने एक कुटिया बनाई और माता की मूर्ति स्थापित की। एक ग्वाले को माता के दर्शन हुए, जिसने राजा उदयादित्य को कुटिया और मूर्ति के बारे में बताया। राजा उदयादित्य ने फिर उस कुटिया का जीर्णोद्धार कराया और मंदिर का निर्माण कराया।



मंदिर की एक प्राचीन शिला पर एक रोचक शिलालेख है, जो धार्मिक सहिष्णुता को दर्शाता है। इस शिला पर एक सुअर की आकृति बनी है, और उसके नीचे उर्दू में लिखा है कि मंदिर को नुकसान पहुंचाना सुअर का मांस खाने के बराबर है। वहीं नीचे एक गाय की आकृति बनी है, और उसके आगे प्राकृत भाषा में लिखा है कि मंदिर को नुकसान पहुंचाना गाय का मांस खाने के बराबर है। यह उस समय की बात है जब मुस्लिम आक्रांता मंदिरों को तोड़ते थे, लेकिन स्थानीय मुस्लिम समाज की भी इस मंदिर में आस्था थी। यह भी माना जाता है कि देवी दिन में तीन बार अपना रूप बदलती हैं, जो एक चमत्कार माना जाता है। यह मंदिर न केवल एक धार्मिक स्थल है, बल्कि अपनी प्राचीनता और धार्मिक सहिष्णुता की भावना के लिए भी जाना जाता है।

### सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय प्रकरण पर एनएचआरसी ने दर्ज किया मामला

**गंजबासौदा।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (**NHRC**) ने गंजबासौदा स्थित शासकीय सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय की प्रथम वर्ष की छात्रा से छेड़छाड़ की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया है। इस शिकायत पर आयोग ने केस संख्या 2597/12/49/2025-**WC** दर्ज कर लिया है। शिकायत माँ सरस्वती छात्र संगठन द्वारा की गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया है कि कॉलेज में कार्यरत गेस्ट फैकल्टी प्रोफेसर सरताज परे पिता मंजूर अहमद परे, उम्र 39 साल ,निवासी गैलेक्सी प्लाजा इब्राहिमपुरा भोपाल, अप्रैल 2025 से सुभद्रा शर्मा गर्ल्स कॉलेज में अतिथि विद्वान के पद पर पदस्थ है। मूलनिवासी ग्राम सोनावाडी ,थाना सोना वाडी जिला बांदीपोरा, जम्मू कश्मीर का है। आरोपी दिनांक 7.9.25 से छात्रा को आपत्तिजनक मैसेज व्हाट्सएप पर कर रहा था मामले में छात्रा की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 276/25 धारा 74, 75 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है आरोपी को धारा 170 बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया। गेस्ट फैकल्टी प्रोफेसर छात्रा को लगातार व्हाट्सएप संदेशों के ज़रिये अश्लील टिप्पणियाँ भेजीं और बार-बार उसकी तस्वीरें माँगीं। जब स्थिति असहनीय हो गई तो छात्रा ने अपने परिजनों को इसकी जानकारी दी। बाद में परिजनों ने कॉलेज प्रशासन और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद आरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। छात्र संगठन ने अपनी शिकायत में आयोग से माँग की है कि इस मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष जाँच कराई जाए, जिसमें विश्वविद्यालय की भूमिका भी जाँची जाए। पीड़ित छात्रा को मनोवैज्ञानिक और कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाए। कॉलेज प्रशासन से यह पूछा जाए कि छात्राओं की सुरक्षा हेतु अब तक क्या कदम उठाए गए हैं। आरोपी फैकल्टी सदस्य के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएँ न हों। एनएचआरसी ने इस शिकायत को संज्ञान में लेकर औपचारिक रूप से केस दर्ज कर लिया है। यह घटना छात्राओं की सुरक्षा और गरिमा को लेकर तथा शैक्षणिक संस्थानों की ज़िम्मेदारी पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करती है।

## सोमवार से शुरू हुए शारदीय नवरात्र, इस वर्ष 10 दिन होगी देवी की आराधना

# मां दुर्गा की आराधना शुरु, दर्जनों पंडालों में विराजीं मां जगत जननी, अनेक स्थानों पर बोए गए ज्वारे







हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार से शारदीय नवरात्र उत्सव प्रारंभ हो गए। नवरात्र का उत्साह नगर सहित ग्रामीण अंचलों में देखा जा रहा है। मां दुर्गा की झांकी के लिए मंडप एवं पंडाल सजाकर आज देवी मां की प्रतिमा की स्थापना की गई। इस अवसर पर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र से भी लोग पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ देवी प्रतिमाओं को स्थापना के लिए ले जाते नजर आए। शाम को सभी पंडालों में देवी प्रतिमाओं की विधि विधान से स्थापना की गई। वहीं अनेक श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक रूप से तो कहीं कहीं घरों में भी ज्वारे बोए गए हैं।

ज्ञात हो कि पितृपक्ष के समापन के बाद ही शारदीय नवरात्र आरंभ हो जाते हैं। सोमवार को नवरात्रि के आरंभ अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालु मंदिरों में देवी आराधना और जल चढाने पहुंचने लगे थे। इस दौरान मंदिरों में भी देवी मां का विशेष श्रृंगार किया गया था और मंदिरों में आकर्षक साज सज्जा की गई है। नवरात्र के चलते नगर के शीतला शक्तिधाम, मीलवाली माता मंदिर, बीजासन माता मंदिर सहित नगर एवं आसपास अनेक माता मंदिरों में अल सुबह से लेकर रात्रि तक श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। दुर्गा पंडाल सजाने का कार्य भी अंतिम चरणों में चल रहा है। जिसके चलते अनेक स्थानों पर लाइटों से आकर्षक साज सज्जा और कार्यक्रमों की तैयारी हो रही हैं। इलाके भर में गांव गांव और नगर में भी दर्जनों स्थानों पर देवी मां के पंडाल सजाए गए हैं। जिनमें आज विधि विधान के साथ शाम को देवी मां की प्रतिमाओं की स्थापना की गई। इन पंडालों में देवी प्रतिमाओं को विराजमान करने के लिए श्रद्धालु सुबह से ही प्रतिमाओं को ले जाते नजर आए। वहीं ग्रामीण क्षेत्र से लोग ट्रैक्टर ट्रॉलियों, लोडिंग वाहनों और बाइक पर प्रतिमाओं को ले जाते रहे। पर्व को लेकर बच्चों में भी विशेष उत्साह नजर आ रहा है।

अब आगामी 10 दिनों तक इलाके भर में देवी आराधना की जाएगी। क्योंकि इस वर्ष नवरात्रि 10 दिन के हैं। इस बार कोई भी तिथि घट नहीं रही है। मां दुर्गा का तीसरा रुप मां चंद्रघण्टा की पूजन 24 और 25 सितम्बर दो दिनों तक की जाऐगी। जिसकी वजह से नवरात्र 10 दिन की मनाई जाएगी। वहीं 2 अक्टूबर को दशहरा मनाया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी के तहसील अध्यक्ष बने सलमान अमीन

**सिरोंज।** ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी के जिला अध्यक्ष अल्ताफ खान द्वारा विदिशा जिले की विभिन्न तहसीलों के अध्यक्षों की नियुक्ति को भंग करके पुनः नए तहसील अध्यक्षों की नियुक्ति प्रारंभ कर दी है। इसी क्रम में जिला अध्यक्ष अल्ताफ खान द्वारा ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी के सिरोंज तहसील अध्यक्ष पद पर युवा समाजसेवी पत्रकार सलमान अमीन को नियुक्त किया गया। वही सलमान अमीन से उम्मीद की है कि प्रशासन और समाज में समन्वय रखते हुए विभिन्न त्यौहारों को भाई चारे से मनाने ओर आपसी सौहार्द बरकरार रखने में ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी के प्रतिनिधि के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वही उनकी नियुक्ति पर बधाई देने वालों में मुस्लिम त्योहार कमेटी के जिला अध्यक्ष अल्ताफ खान,मुस्लिम महा सभा जिला अध्यक्ष एडवोकेट शोएब खान,जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष डॉ वसीम खान, हाफिज शम्स कमर ,इरफान मंसूरी,आशिम हाशमी,अनस ,अमराई नदीम,आदिल,अरबाज खान भूरा ,नसीम खान,वसीम मियां, नसीर आदि लोगों ने बधाई दी।

### उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस

**सिरोंज।** एनसीएचएसएस पीस क्लब के सदस्यों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सभी के बीच एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश फैलाना था। कार्यक्रम की शुरुआत सभी धर्मों की प्रार्थनाओं से हुई। जिसने सार्वभौमिक भाईचारे और हर धर्म के प्रति सम्मान की भावना को दर्शाया।

### स्वच्छता सेवा अभियान के तहत हुई स्वच्छता चित्रकला और रंगोली प्रतियोगिता

**रहली।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर परिषद रहली द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रहली में ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं प्लास्टिक मुक्त भारत जैसे विषयों पर सुंदर चित्र प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं कला के माध्यम से स्वच्छता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना था। प्रतियोगिता में कुल 55 प्रतिभागियों ने भाग लिया और स्वच्छता से संबंधित आकर्षक ड्राइंग बनाई गईं। प्रतिभागियों ने स्वच्छ भारत, स्वच्छ विद्यालय, हरित पर्यावरण, प्लास्टिक मुक्त भारत, आदि विषयों पर सुंदर चित्रकला निर्माण कर अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। साथ ही शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रहली में स्वच्छ उत्सव के उपलक्ष्य में एक रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमे 60 बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों के माध्यम से स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाना था। इस रंगोली प्रतियोगिता में स्वच्छता, 3 आर कचरा पृथक्करण, 4 बिन प्रणाली, जल संरक्षण, पौधा संरक्षण और अन्य पर्यावरणीय विषयों पर आधारित रंगोली बनाई। प्रतियोगिता के आयोजन में स्वच्छता ब्रांड एम्बेस्डर, स्वच्छता चैंपियन सहित स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी और नगर परिषद् के अन्य अधिकारी की उपस्थिति रही।



### अहिरवार महासभा जिला सागर की बैठक ग्राम चंद्रापुर खुरई विधान सभा में हुई संपन्न

**सागर।** अहिरवार महासभा जिला सागर की बैठक ग्राम चंद्रापुर खुरई विधान सभा में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता काशीराम अहिरवार ने की। बैठक के मुख्य अतिथि संरक्षक एडवोकेट धनसिह अहिरवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज समाज में फैली नशा की लत को समाज ने हम लोगों के प्रयास से नशामुक्ति की और समाजबंधु स्वयं नशा मुक्त हो रहें हैं और समाज अब सुधार की और अग्रसर हो रहा है। जब हम लोगों ने ग्राम बहरोल किरोला, कुल्ल, हनौता में अहिरवार महासभा की बैठक में आये लोगों को नशा से होने वाले नुकसान के बारे में बताया तो समाज ने खुद एकता कर थाना बहरोल में नशामुक्ति का ज्ञापन दिया कि हम लोग अब नशा मुक्त रहेंगे इसी प्रकार बहेरिया साहनी के लोगों ने भी प्रभावित होकर पूरे ग्राम वासियों ने नशा नही करने की शपथ ली। कार्यक्रम में राकेश अहिरवाल खाद्य अधिकारी दमोह ने बताया कि हमारे समाज के पढ़े लिखे युवा रोजगार प्राप्त करने के प्रयास करें ताकि परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। शासन सभी युवाओं को रोजगार के साधन मुहैया करा रही है। सभी युवा इसका लाभ जरूर लें। कार्यक्रम को डाक्टर राजकुमार अहिरवार,सीताराम अहिरवार, भगवान दास अहिरवार,कलू माते,शंकरलाल माते,गजेंद्र अहिरवार सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप अहिरवार ने किया। कार्यक्रम में लगभग 60 से 70 ग्रामों के लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### धूमधाम से मनाया गया महाराजा अग्रसेन का जन्मोत्सव



**सिरोंज।** अखिल भारतीय अग्रवाल महिला महासभा द्वारा महाराजा श्री अग्रसेन जी के 5149 जन्मोत्सव के उपलक्ष में श्री अग्रवाल महामेले का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के सभी लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। वही बच्चों में बहुत ही ज्यादा उत्साह दिखा गया। महिलाओं ने मेले मे स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ हाउजी गेम खेला साथ-ही साथ गरबा की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम की शुरुआत समाज के प्रबुद्ध जनों द्वारा श्री महाराजा अग्रसेन जी के दीप प्रज्वलन और आरती के साथ हुई। तत्पश्चात सभी ने बच्चों के स्टॉल्स पर जा जाकर स्वादिष्ट व्यंजन और गेम्स का आनंद लिया। वही मेले में समाज के सभी वर्गों का उत्साह देखते ही बनता था। इस मौके पर महासभा की अध्यक्ष बिंदु गर्ग ने बताया कि अग्रसेन जयंती के कार्यक्रम के तारतम्य में पहले सुंदरकांड फिर भजन कार्यक्रम व महामेले का आयोजन किया गया। वही उन्होने कहा कि आज सोमवार को महाराजा अग्रसेन जी का जन्मोत्सव पूरे हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया।

### नगर में संचालित हो रहे हैं गांव के क्योस्क बैंक

**गढाकोटा।** गांव के नाम पर खुले बैंकों के ग्राहक सेवा केन्द्रों का संचालन नगर में किया जा रहा है। जिससे गांव के खाता धारकों को अन्य योजनाओं का लाभ लेने के लिए ग्राहकों को अपना ही गांव छोड़कर नगर जाना पड़ता है। जिससे उनके समय और धन बर्बाद होता है तथा इसकी जानकारी बैंकों के मैनेजरों को भी है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं करते है । ग्रामीण अंचलों में लोगों को सुविधा प्रदान करने के लिए ग्राहक सेवा केंद्र पंचायत और नगर स्तर पर संचालित किया जा रहे हैं। लेकिन क्योंस्क संचालक अपने मूल स्थान छोड़कर दूसरी जगह बैठकर अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। संचालकों ने अपनी आईडी का उपयोग एवं उसका संचालन गांव को छोड़कर नगर में कर रहे हैं। वर्तमान में शासन की प्रमुख योजनाएं मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना, वृद्धा पेंशन, मुख्यमंत्री सम्मान निधि, प्रधानमंत्री सम्मान निधि , लाड़ली लक्ष्मी योजना सहित अन्य योजनाओं का पैसा निकलवाने के लिए ग्राहकों को नगर में आना पड़ता है।

## ऐतिहासिक स्थलों का बताया महत्व

# महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने चलाया साफ-सफाई अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

स्वच्छता पखवाड़े के तहत शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के विद्यार्थियों व स्टाफ द्वारा नगर के समीप स्थित अविभाजित भारत का केंद्र बिंदु रहे ऐतिहासिक स्थल भूरी टोरी की साफ सफाई अभियान चलाया गया।

इस अवसर पर संस्था की ्रीमती भावना दांगी की अध्यक्षता में संस्था के समस्त विद्यार्थियों एवं शिक्षकों व अभियान के समन्वयक अभिनीत व्यास, शिवेंद्र रघुवंशी द्वारा विद्यार्थियों को ऐतिहासिक स्थलों का महत्व एवं उनकी उपयोगिता के विषय में बताया गया। ज्ञात हो की भूरी टोरी अविभाजित भारत के केंद्र बिंदु के साथ-साथ तत्कालीन समय में तकनीक के माध्यम से मौसम की विभिन्न गतिविधियों का पूर्वानुमान लगाने के लिए उस समय अंग्रेजी वैज्ञानिकों द्वारा संचालित किया जाता था। इस अवसर पर भारत शासन के वरिष्ठ सर्वेयर कृष्ण कुमार खरवार ने भी विद्यार्थियों को ऐतिहासिक स्थलों के बारे में मार्गदर्शित किया। साथ ही जबलपुर के अधिकारियों द्वारा भूरी टोरी पर स्थित लगभग 150 साल पुरानी इमारत के बारे में बहुत विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान करते हुए उन्होंने बताया कि कल्याणपुर मे जीटीएस स्टेशन वैश्विक भूविज्ञान भारत के योगदान के प्रतीक के रूप में स्थापित है और इस बात की याद दिलाता है कि कैसे गणित, खगोल विज्ञान और इंजीनियरिंग हमारी भूमि को समझने के तरीके को आकार देने के लिए यहां एक साथ आए। 1840 में कर्नल एवरेस्ट ने गणना के मूल बिंदु के रूप में कल्याणपुर में स्थित त्रिकोणमितीय स्टेशन को अपनाया और कल्याणपुर से प्रेक्षित किया गया। सूरनताल का दिगंश जीटीएस के दिगंश का आधार बन गया। यह भारतीय सर्वेक्षण विभाग की गौरवपूर्ण विरासत और भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियो के प्रतीक के रूप में स्थापित है। अखंड भारत का नक्शा कैसे बनाया गया। उसमें इस स्थान का क्या योगदान रहा छात्र-छात्राएं को इन सभी बातो से अवगत कराया।



### स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

**सिरोंज।** शहरी सेक्टर में आंगनबाडी केन्द्र में संयुक्त रूप से पोषण माह अंतर्गत गतिविधियो का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में 0-3 वर्ष के बच्चो हेतु आमेमावक सत्र का आयोजन किया गया। साथ ही आंगनबाडी कार्यकर्ताओ द्वारा स्टोरीटेलिंग,वपेट शो,एक्टिविटी आधारित शिक्षण द्वारा केन्द्रो पर गतिविधि कराई गई। इसके अलावा पोषण मटका के माध्यम व विभिन्न प्रकार के व्यंजनो के तहत सही पोषण की जानकारी महिलाओं व बच्चो को दी गई। इस मौके पर कार्यक्रम में सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमति इमा बेला,आंगनबाडी कार्यकर्ता हेमलता जाटव,हेमलता वंशकार,पूनम,तबस्सुम सहित सहायिका व महिलाएं उपस्थित रही।

## तहसील कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

# श्रमजीवी पत्रकार संघ की बैठक संपन्न




**सिरोंज।** मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की बैठक रविवार को स्व. श्री बालकृष्ण विद्यार्थी पत्रकार भवन में आयोजित की गई। बैठक के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह भदौरिया रहे। वही उनके साथ जिला उपाध्यक्ष रूपेश यादव एवं तहसील अध्यक्ष मुकेश रघुवंशी की मौजूदगी में बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से तहसील कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष श्री रघुवंशी ने नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की। नवनियुक्त पदाधिकारियों में तहसील उपाध्यक्ष पद पर कृष्णचंद्र पटेल, शहिद खान, एवं रिंकू सुमन को जिम्मेदारी सौंपी गई। वही महासचिव पद पर प्रमोद रघुवंशी, सचिव पद पर सलमान खान, कोषाध्यक्ष पद पर रेवाराम कुशवाह, सहसचिव पद पर प्रदीप प्रजापति तथा कार्यालय प्रभारी आदेश बड़सरे की नियुक्ति की गई। यह कार्यकारिणी आगामी दो वर्षों तक अपनी जिम्मेदारी निभाएगी।

**प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित कोलिंजा शाखा देव खजूरी**

पंजीयन क्रमांक 462 - 10/12/1982

// वार्षिक आम सभा सूचना //

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कोलिंजा के समस्त अंशदारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक आमसभा दिनांक 24/9/2025 को दिन बुधवार समय 3:00 से स्थान समिति कार्यालय भवन कोलिंजा में आयोजित की गई है। गणपूर्ति कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में, स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी स्थान पर 1/2 घंटे पश्चात होगी, जिसमें गणपूर्ति की आवश्यकता नहीं होगी।

पूजा यादव
समिति प्रबंधक, बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहायक सहकारी समिति कोलिंजा

किशोर कुमार अहिरवार
प्रशासक, बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहायक सहकारी समिति कोलिंजा

## शहर में हुआ बेलगाम ट्रैफिक- सिस्टम को सुधारने की फिर उठी मांग

# सड़क किनारे फुटपाथ पर सब्जी फलों के ठेले, अव्यवस्थित पार्किंग, पैदल चलना दूभर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के व्यस्त इलाकों में गंजबाजार, महामाया चौक इंडियन चौराहा, सागर रोड़ पर एलआईसी स्टेट बैंक केनरा बैंक के सामने हर रोज भारी ट्रैफिक के चलते दिन में कई दफे सड़क जाम के हालात बनते हैं। यहां की सूरत दिन ब दिन बिगड़ती ही जा रही है। कमोवेश यही हालत मंडी रोड बस स्टैंड क्षेत्र और पाटनदेव, सांची रोड के बने हुए हैं।

रायसेन शहर की ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से बेलगाम हो चुकी है। इसे सुधारने के लिए समय-समय पर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत बैठक बुलाई जाती है। यातायात व्यवस्था को सुधारने की दिशा में बेहतर कदम उठाने की फैसले लिए जाते हैं । लेकिन यह फैसले फाइलों में ही दफन होकर रह जाते हैं।

सड़क किनारे खड़े अवस्थित सब्जी फल के खेलो और अवस्थित पार्किंग की वजह से ऐसी स्थिति में कैसे गुजारे दो पहिया तीन पहिया वाहन चालक। नगर पालिका परिषद में अभी तक सिर्फ एक ही वाहन पार्किंग महामाया चौक में बनाया है बाकी जगह ट्राफिक पॉइंट के और पार्किंग के कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं शहर के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और अधिकारी आखिर इस मामले में क्यों खामोश बने हुए हैं। जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों की उदासीनता और अनदेखी की वजह से सड़कों पर आए दिन जाम के हालात बन जाते हैं ।और वाहन एक के पीछे एक रेंगते हुए नजर आते हैं। आखिर वाहनों की यह व्यवस्था कब तक यूं ही चलती रहेगी।



### अव्यवस्थित पार्किंग-कैसे गुजरे दो-तीन पहिया वाहन

सड़क किनारे खड़े अवस्थित सब्जी फल के ठेलों और अवस्थित पार्किंग की वजह से ऐसी स्थिति में कैसे गुजारे दो पहिया तीन पहिया वाहन चालक। नगर पालिका परिषद में अभी तक सिर्फ एक ही वाहन पार्किंग महामाया चौक में बनाया है बाकी जगह ट्राफिक पॉइंट के और पार्किंग के कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं शहर के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और अधिकारी आखिर इस मामले में क्यों खामोश बने हुए हैं।

### खास बातें

- फुटकर फल सब्जी व्यापारी, चाट पकौड़े, पानीपुरी, खोमचे वाले दुकानदारों को चिन्हित करना चाहिए।
- रजिस्टर्ड व्यापारियों को टोकन जारी कर चिन्हित जगह पर कारोबार करने की अनुमति देना चाहिए।
- बगैर टोकन रजिस्ट्रेशन व्यापार करने वालों पर जुर्माने की कार्यवाही करना चाहिए।
- शहर की मुख्य तीनों सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराने जिम्मेदार अधिकारियों को बाकायदा मुहिम
- नागरीकों ने यातायात व्यवस्था सुधारने की मांग जिम्मेदारों से की ह

### रास्ता खुद ढूंढना पड़ता है

प्रतिदिन सड़कों के फुटपाथ पर खड़े होने वाले स्वास्थ्य सब्जी फलों के हाथठेलों की वजह से वाहन चालकों और राहगीरों को निकलने के लिए खुद रास्ता ढूंढना पड़ता हैहाथ तेरे वालों की मनमानी और लापरवाही का आलम यह है कि कहीं-कहीं बीच सड़क पर खड़े होकर अपना कारोबार करते हैं ।और ग्राहक उनके सामने घण्टों खड़े होकर खरीदारी करते रहते हैं। ऐसी स्थिति में पूरी सड़क जाम हो जाती है। यातायात पुलिसकर्मी इन्हें हटाने की कोई जरूरत भी महसूस नहीं करते। और छोटे व्यापारी बेखौफ हो फिर से सड़कों के किनारे अतिक्रमण करने लगते हैं।

### इनका कहना है

कार्रवाई निरंतर चल रही है, वाहन चालकों को समझाइश भी दे रहे हैं, जिनको नोटिस दिए थे उनके संबंध में अब आगे की कार्रवाई के लिए जिला व पुलिस प्रशासन को पत्र भेजा जा रहा है।

**लता मालवीय** यातायात थाना प्रभारी रायसेन

## दस दिनो तक होगी देवी उपासना सजे पंडाल

# मां दुर्गा की आराधना में जुटे श्रद्धालु गरबा की धूम शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शक्ति की भक्ति का पर्व शारदीय नवरात्रि नगर सहित अंचलों में श्रद्धा भाव के साथ प्रारंभ हुआ। इस पर्व के चलते नगर में लगभग 75 से अधिक स्थानों पर सार्वजनिक दुर्गाउत्सव समितियों द्वारा पंडालों में आकर्षक झांकिया बनाई गई। साथ ही देवी मंदिरों में भी आकर्षक बिजली व पुष्प सज्जा की गई।

नगर के बाजारों से देवी मां जगदंबे की स्थापना के लिए प्रतिमाएं सुबह से ही बैंडबाजों ढोल नगाड़ों के साथ चल समारोह के रूप में निकली। माता भवानी की एक से बढ़कर एक प्रतिमाओं को वाहनों में बिठाकर झांकी पंडाल तक होड़ लगी रही। युवा बच्चे नाचते गाते जय माता दी,जय दुर्गे जय महाकाली खप्पर वाली के जयकारे लगाते हुए जा रहे थे।

वहीं नागरिकों नेव्रत रखकर घरों में देवी मां की स्थापना कर उपासना शुरू कर दी। शारदीय नवरात्रि के इस आयोजन की परंपरा नगर की कई समितियां झांकी बनाकर पिछले कई वर्षो से संचालित करती आ रही है। पंडालों में प्रतिमा स्थापना के साथ ही झांकियां भी सजाई जाती है। जिसे निहारने के लिए 10 दिनों तक लोग शाम के बाद परिवार सहित दर्शन करने पहुंचते है। उधर दुर्गा दरबार में देवी उपासना के इस पर्व पर 10 दिनों तक गरबों की धूम रहेगी। छोले वाली मातारानी खण्डेरा,काली कंकाली माता गुदा वल, हिंगलाज माता मंदिर बाड़ी हरसिद्धि माता परवरिया मंदिर आदि में भी पर्व के शुरू होते ही धार्मिक आयोजन प्रारंभ हो गए हैं।

## खबर संक्षेप

### सांची में निकलेगी चुनरी यात्रा आज

**सांची।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी निकाली जाएगी विशाल चुनरी यात्रा मंगलवार 23 सितंबर को सुबह 10 बजे से प्रारंभ होकर मांची की महा माई से नागौरी तक निकाली जाएगी। नागौरी से काछी काना खेड़ा से होती हुई चुनरी यात्रा गुलगांव चौराहे से बावडी मंदिर प्रांगण में चुनरी यात्रा का समापन किया जाएगा यह विशाल चुनरी यात्रा नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम अहिरवार के द्वारा माता रानी को समर्पित की जाती है। चुनरी की लंबाई इस वर्ष ग्यारह सौ इक्यावन मीटर है। इस यात्रा में सांची तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालु हजारों की संख्या में भाग लेते हैं। चुनरी यात्रा में अध्यक्ष सहित सभी भक्त लोग नंगे पैर यात्रा में माताजी के जय कार्य लगाते हुए आगे बढ़ते हैं

### बेधड़क हो रही सागौन की कटाई

**रायसेन।** वन विभाग के वन रेंज गढ़ी में सागौन सहित अन्य कीमती पेड़ों का तेजी से सफाया किया जा रहा है। लेकिन विभाग का अमला बारिश का बहाना बना कर कार्रवाई से बच रहा है।जिले के वनरेंज गढ़ी में लंबे अरसे से अवैध तरीके से बेशकीमती सागौन पेड़ों की कटाई कर लकड़ी तस्कर गिरोह बड़े ही आसानी से दूसरे व तीसरे दिन परिवहन कर रहे हैं। हर रोज आधा दर्जन से अधिक पेड़ों पर कुल्हाड़ी और आरी की धार चल रही है।बताया जा रहा है कि सागौन पेड़ों की कटाई कर पड़ोसी जिलों व राज्यों में व्यापारियों को बेचा जा रहा है। इससे पूरा जंगल तहस-नहस हो रहा है।

# रात्रि जागरण में होगी भजन मंडलियों की इनामी प्रतियोगिता मिलेंगे पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

रामलीला सभा कक्ष में हिउस की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमे नवरात्रि एवं दशहरा पर्व धूमधाम उत्साह के साथ मनाने और दशहरा पर्व पर रात्रि जागरण में भजन मंडलियों की ईनामी प्रतियोगिता आयोजिन करने का निर्णय लिया गया। प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 71 हजार, द्वितीय 51 हजार, तृतीय 31 हजार, चतुर्थ 21 हजार, पाचंवा 15 हजार, छटवां 13 हजार, सातवें स्थान पर 12 हजार और आठवां पुरूस्कार 11 हजार नगद राशि रखा गया है।

रामलीला मैदान में हुई हिउस की प्रबंध कारिणी बैठक में संस्थापक सदस्यों के साथ अन्य वरिष्ठों की भी उपस्थिति रही। यह भी निणर्य लिया कि जिन भजन मंडलों को आमंत्रित किया जाएगा। वही प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता में पारदर्शिता के लिए निर्णायक मंडल रहेगा। जो भजन मंडल की शैली, कथा, भाषा, नृत्य और पोषाक के आधार पर निर्णय करेगा। अनावश्यक चीख पुकार लम्बी टाइटल, टयून इत्यादि की अनुमति नहीं रहेगी। बैठक में हिउस के अध्यक्ष दिनेश नारायण बवेले, के साथ अन्य सभी पदाधिकारियों एवं भारी संख्या में सदस्यों की उपस्थिति रही।



**आमंत्रित भजन मंडल -** हिउस ने आमंत्रित भजन मंडलो की सूची भी तैयार की है। जिसमें शिव ज्योति सरगम मंडल तिलाडिया, महावीर मंडल सोयत कलां, ठाकुर मंडल ढाबा कलां, वैष्णों मंडल सिंगोडी, श्रद्धा मंडल भोपाल, नागराज मंडल इटारसी, श्याम मंडल नकतरा खापा, राम मंडल मछवाई, बाल गोपाल मंडल ढाबा चूरना, रामकृष्ण मंडल उमरखेडी, हरि मंडल रडाल, नागर मंडल दीयाखेडी, सरस्वती मंडल चूना हजूरी, विनीत मंडल बाबई, माँ शारदा मंडल सोनतलाई, श्याम सरगम मंडल भोपाल, शिव शक्ति मंडल आपपा, कृष्ण मंडल बोरखेडा, चक्र सुदर्शन मंडल राजौरा जाट, महावीर मंडल जमाडा शामिल है। भजन प्रतियोगिता के नियम व शर्ते तय की गई है। जिनका पालन भजन मंडलों को अनिवार्य रूप से करना होगा।

# पांचवें रोज कथा सुनने के लिए पंडाल में उमड़े श्रोता

## कथावाचक ने तुलसी शालिग्राम विवाह का किया वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवांगंज

नरखेड़ा बद्रीधाम आश्रम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा वाचक पंडित राकेश उपाध्याय ने तुलसी-शालिग्रामविवाह का वर्णन किया और तुलसी विवाह की उपकथा विस्तार से सुनाई। कथाव्यास ने बताया कि श्रीमद्भागवत पुराण के अनुसार प्राचीन काल में जलंधर नामक राक्षस ने चारों तरफ बड़ा उत्पात मचा रखा था। वह बड़ा वीर और पराक्रमी था।

उसकी वीरता का रहस्य था, उसकी पत्नी वृंदा का पतिव्रता धर्म। जलंधर के उपद्रवों से परेशान देवगण भगवान विष्णु के पास गए और रक्षा की गुहार लगाई। उनकी प्रार्थना सुनकर भगवान विष्णु ने वृंदा का पतिव्रता धर्म भंग करने का निश्चय किया। यह कहकर वृंदा अपने पति के साथ सती हो गई। जिस जगह वृंदा सती हुई वहां तुलसी का पौधा उत्पन्न हुआ। विष्णु ने कहा, हे वृंदा, यह तुम्हारे सतीत्व का फल है कि तुम तुलसी बनकर मेरे साथ ही रहोगी। जो मनुष्य तुम्हारे साथ मेरा विवाह करेगा, वह परम धाम को प्राप्त होगा। बिना तुलसी दल के शालिग्राम या विष्णु जी की पूजा अधूरी मानी जाती है। शालिग्राम और तुलसी का विवाह भगवान विष्णु और महालक्ष्मी के साथ हुआ



## जगह जगह पुष्प बरसाकर किया स्वागत

# आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर रायसेन में विशेष पथ संचलन निकाला गया, घोष वादन संग हुआ आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर रायसेन में विशेष पथ संचलनःघोष वादन संग हुआ आगाज,मार्ग में जगह जगह हुआ पुष्प वर्षा से स्वागतरायसेन। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सुबह रायसेन शहर में विशेष पथ संचलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुबह 9 बजे सागर तिराहे स्थित जिला चिड़यि टोल वन परिसर में एकत्रीकरण के बाद स्वयंसेवकों ने घोष वादन के साथ कदमताल की। पथ संचलन का मार्ग शहर तिराहे, मुख्य बाजार, महामाया चौक से नगरपालिका कार्यालय के सामने से होते हुए माता मंदिर चौराहे से पुरानी बस्ती तक रहा। मार्ग में लोगों ने जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इसके बाद स्वयंसेवक महामाया चौक, इंडियन चौराहा, तिपट्टा बाजार, गावोईपुरा और पुराना थाना होते हुए दशहरा मैदान से वापस वन परिसर पहुंचे।



आगामी कार्यक्रम के तहत 2 अक्टूबर को मुखर्जी नगर बस्ती, 3 अक्टूबर को पाटन देव बस्ती, 5 अक्टूबर को अवंतिका बस्ती और गोपालपुर, 7 अक्टूबर को चाणक्य बस्ती और श्री राम बस्ती ,12 अक्टूबर को शिवाजी बस्ती में पथ संचलन निकाला जाएगा। संघ के कार्यकर्ता हिंदू समाज से संपर्क कर अधिक से अधिक लोगों को गणवेश में पथ संचलन में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

# अवैध शराब से भरा मिनी ट्रक पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

भोपाल विदिशा हाइवे 18 पर फैक्ट्री चौराहे दीवानगंज में रागिनी ढाबा के सामने देर रात करीब 9 बजे अवैध शराब ले जा रहे एक मिनी ट्रक को पुलिस ने पकड़ा। उक्त ट्रक भोपाल से विदिशा जा रहा था, जिसमें 120 पेटी अवैध शराब की रखी हुई थी।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार देर रात मुखबिर से सूचना मिली कि एक मिनी ट्रक अवैध रूप से शराब भरकर ले जा रहा है। तब सलामतपुर पुलिस ने फैक्ट्री चौराहा दीवानगंज में रागिनी ढाबा के सामने मिनी ट्रक क्रमांक एमपी 04 वायपी 5603 को पुलिस ने रोका तो ड्राइवर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। पुलिस ने जब मिनी ट्रक की तलाशी ली तो उसमें 120 पेटी शराब की मिली। जिसकी कीमत लाखों में आंकी गई है। जिस पर पुलिस ने मिनी ट्रक को जब्त कर थाने में खड़ा कर लिया है। हालांकि ड्राइवर मौके से से फरार हो गया।




## वे समाज के अंतिम छोर के व्यक्तियों की सबसे पहले चिंता करते हैं

# मंत्री पटेल ने किया परोचे के घर भोजन दिया समरस्ता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

कई बार पर नेताओं की करनी और कथनी में भेद की बात कही जाती है, लेकिन मध्यप्रदेश शासन के मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने यह सिद्ध करते रहते हैं कि वे जो कहते हैं, वह करते भी हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद की व्याख्या करने वाले श्री पटेल ने सोमवार को यह जता दिया कि वे समाज के अंतिम छोर के व्यक्तियों की सबसे पहले चिंता करते हैं। अवसर था पिपरिया पुंआरिया के अनुसूचित जाति के संतोष परोचे के घर पहुंचकर भोजन करने का।

दरअसल, मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने अपने उदयपुरा विधानसभा में प्रवास से पहले सोशलमीडिया पर किसी परिवार में भोजन की इच्छा जताई थी। इसके बाद उन्हे निमंत्रित करने वालों की भीड़ लग गई। उन्होने सभी आमंत्रण सूचीबद्ध किए और इसमें समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति के रूप में छातेर के पास पिपरिया—पुंआरिया के अनुसूचित जाति के संतोष परोचे के परिवार को पाया। वे सोमवार को जब इस परिवार में भोजन करने के लिए पहुंचे तो यह गांव, क्षेत्र और अन्य लोगों के लिए चौंका देने वाला था। इसे सिद्धांतों को व्यवहार में जीने की मंत्री श्री पटेल की शैली का एक और उदाहरण कहा जा रहा है। श्री परोचे के परिजन मंत्री को अपने घर भोजन करते देखकर इतने भावविह्वल थे कि सभी की आंखें हर्ष के अतिरेक में नम थीं और कुछ कह नहीं पा रहे थे।



सामाजिक समरसता का दिया संदेश इस संवाददाता ने गांव के कई लोगों से बात की तो वे इसे मंत्री जी के अनुसूचित जाति के परिवार में भोजन करने को सामाजिक समरसता का व्यावहारिक संदेश बता रहे थे। अन्य लोगों का कहना था कि वे विधानसभा क्षेत्र के लोगों को परिजन कहते हैं। एकबार फिर उन्होने दिखा दिया कि मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल भौतिक विकास के साथ ही वंचित वर्ग के सामाजिक विकास की भी उतनी ही चिंता करते हैं। हुआ था तिरस्कार कुछ गांव वालों ने एक घटना का भी उल्लेख किया। बताया गया कि समाज को जोडऩे के लिए काम करने वाले कुछ लोगों ने संतोष परोचे के यहां श्राद्ध पर भोजन किए थे। इससे हिंदू समाज में फूट डालने वाले लोगों ने संगठित होकर उन लोगों का तिरस्कार करते हुए उन पर गंगाजी नहाने सहित कई शर्तें लादी थीं। मंत्री जी का यह कदम ऐसे तत्वों को करारा जबाब भी माना जा रहा है।

### आज का दिन बना यादगार

मेरे परिवार के साथ ही हमारी संपूर्ण जाति और क्षेत्र के लिए आज का दिन यादगार बन गया है। वह हुआ, जिसका सपना भी नहीं देखा जा सकता था। लोग फोन करके पूछ रहे हैं कि क्या वास्तव में ऐसा हुआ है। मंत्री जी ने हमारी पीढिय़ों को ऋणी कर दिया।

**संतोष परोचे पिपरिया—पुंआरिया**

मैं अपने विधानसभा के लोगों को अपना पिरवार मानता हूं। परिवार का घर मेरा घर है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय पर मैने पुस्तक भी लिखी है और उनके एकात्म मानववाद को जीने का प्रयास करता रहा हूं। अन्य आमंत्रण भी मैने सूचीबद्ध कर लिए हैं। इनके घर भी भोजन करने का प्रयास करूंगा।

**नरेंद्र शिवाजी पटेल मंत्री मप्र शासन, विधायक उदयपुरा**

# 610 किलो महुआ लाहन जब्त, 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

अवैध मदिरा विक्रय एवं विनिर्माण के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आज प्राप्त सूचनाओं के आधार पर आबकारी उप निरीक्षक वृत्त बरेली, राजेश विश्वकर्मा द्वारा ग्राम कनवार में दबिश देकर आरोपी माया बाई, बाड़ी के वार्ड नंबर 5 में दबिश देकर आरोपी मस्तान रायसिख, वार्ड नम्बर 10 में दबिश देकर आरोपिया मीना बाईं, सिरवारा में दबिश देकर आरोपिया गिरजा बाईं के रिहायशी मकानों पर पीपलवाली डेम किनारे दबिश दी जाकर 5 प्रकरण अवैध शराब एवं शराब बनाने की सामग्री (महुआ लाहन) के कायम कर उक्त 4 आरोपियो को मौके पर गिरफ्तार किया एक आरोपी मौके पर नहीं मिलने से अज्ञात में प्रकरण कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया। उक्त कायम प्रकरणों में 14 पाव देशी प्लेन मदिरा, 45 लीटर हाथ भट्टी मदिरा ज़ब्त किया एवं 610 किलोग्राम महुआ लाहन ज़ब्त किया जाकर सैंपल लेकर मौके पर नष्ट किया गया। उक्त प्रकरण म. प्र. आबकारी अधिनियम की धारा 34-1 (क) तथा (च) के तहत कायम किए गए। ज़ब्त मदिरा एवं लाहन का बाजार मूल्य रुपये 71400/- आंकलित किया गया । इस कार्यवाही में आरक्षक रामस्वरूप पटेल एवं महिला आरक्षक श्वेता शिवहरे का योगदान सराहनीय सहयोग रहा।

